राजस्थान सरकार
निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान- जयपुर

क्रमांक/प्रशि/मिडवाईफरी/09/ 64 दिनांक 20/2/09

:: परि पत्र ::

इस निदेशालय की विज्ञप्ति क्रमांक/प्रशि/मिडवाईफरी/07/01 दिनांक 6.1.07 के द्वारा जनरल नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त बेरोजगार एवं विभागीय नर्सिंग कर्मियों से 3.2.07 तक आवेदन पत्र 06 माह के मिडवाईफरी प्रशिक्षण हेतु आमंत्रित किये गये है। अधिकांश बेरोजगार अभ्यार्थीयों को प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। शेष रहे बेरोजगार श्रेणी के आवेदकों में से अनुसूचित जाति पुरूष के 06 व अनुसूचित जनजाति पुरूष के 07 आवेदन पत्र ही अब प्रशिक्षण हेतु प्रतीक्षा में विचाराधीन है।

विभागीय सेवारत कर्मचारियों का प्रथम बैच उक्त प्रशिक्षण हेतु शुरू करने के लिये आरक्षण की श्रेणीवार प्रवेश दिया जाकर उपस्थिति तिथि 19.1.09 निर्धारित की गई। लेकिन प्रवेशित अभ्यार्थीयों में से बहुत ही कम संख्या में उपस्थिति देने के कारण -प्रशिक्षण में उपस्थिति देने की तिथि 30.1.09 तक बढ़ाई गई, फिर भी बहुत ही कम अभ्यार्थीयों ने ज्वाइनिंग दी है।

अतः सभी आवेदकों के सूचनार्थ लेख है कि मिडवाईफरी का अगला बैच माह जुलाई 2009 में शुरू किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिये कोई अभ्यार्थी यदि अपना विकल्प परिवर्तन करना चाहे या कोई ऐसा अभ्यार्थी जो निर्धारित तिथि तक -आवेदन करने से रह गया हो तो दिनांक 30.4.09 तक अपना विकल्प/आवेदन सम्बन्धित प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। प्रशिक्षण की शेष शर्ते यथावत रहेगी।

अतिरिक्त निदेशक (प्रशिक्षण)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राज०
जयपुर।

क्रमांक/प्रशि/मिडवाईफरी/09/ 64 दिनांक 20/2/09

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही को प्रेषित कर लेख है कि उपरोक्त परिपत्र द्वारा सभी सम्बन्धित कार्मिकों को अपने स्तर से सूचित कराया -जाना सुनिश्चित करें :-

1- समस्त संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वा०सेवायें, जोन/अधीक्षक,समस्त सलग्न चि०संघ
2- समस्त मुख्य चि०एवं स्वा०अधिकारी/ प्रमुख चिकित्सा अधिकारी
3- समस्त ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी
4- प्रभारी सर्वर कक्ष, मुख्यालय को प्रेषित कर लेख है कि इसे विभागीय वेबसाईट पर अपलोड कराने का श्रम करें।

अतिरिक्त निदेशक (प्रशिक्षण)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राज०
जयपुर।